52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 19.0°c
अधिकतम 31.4 °c

**अमृतवाणी**

आपकी कदर जब तक होती है, जब तक आप दूसरों के काम आते हैं।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

जनता ने कांग्रेस पर भरोसा करना छोड़ दिया, इंडी गठबंधन के दल भ्रष्टाचार में लिप्त हैं : नायब सिंह सैनी



सूर्योदय : 6:28 सूर्यास्त : 5:36

वर्ष : 52/ अंक : 298 रविवार, 27 अक्टूबर 2024 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-04

लेकिन कांग्रेस को जनता पर भरोसा है...भ्रष्टाचार का कोई जिक्र नहीं....

# व्यापारियों की नहीं, छापामार विभागों की होगी दिवाली

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर जिला विभिन्न विभागों की छापामार कार्यवाही से त्रस्त आ चुका है, पिछले पन्द्रह दिनों से लगातार छापामारी के अलावा जनपद में कारोबार तो होता दिखाई नहीं पड़ रहा है, हां हर कोने पर कहीं सेल्स टैक्स, कहीं खाद्य विभाग तो कहीं अब श्रम विभाग की टीम छापामारी करती दिखाई पड़ रही है।

आपको बता दें कि जैसे ही त्यौहार के दिन शुरू हुए अलग अलग तरीकों से अलग अलग विभाग व्यापारियों का उत्पीड़न करता दिखाई पड़ रहा है। हालांकि इस जिले में त्यौहार के बिना भी यह परम्परा जारी रहती है। आज तक यह किसी को पता नहीं लगा कि कौन से नेताओं के इशारे पर व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है, जो विभिन्न विभागों की छापामारी निरंतर जारी है। धीमी-धीमी आवाज तो व्यापारियों तक पहुंच चुकी है कि उक्त कार्यो में किन नेताओं का योगदान मिल रहा है। उसका जवाब व्यापारी 2027 में देने की तैयारी करने में जुटे हुए हैं। फिलहाल तो भारी भरकम धनराशि अलग अलग व्यापारों से अनियमितताओं के नाम पर जमकर वसूली जा रही हैं। पटाखा कारोबारियों पर छापामारी से हुई शुरूआत ने अभी रुकने का नाम नहीं लिया। पिछले पन्द्रह दिनों में दस से अधिक स्थानों पर पटाखा कारोबारियों पर छापामारी की जा चुकी है और कितना पटाखा मिला है और कितना दायें-बायें हो गया, इसका जवाब आज तक न किसी नेता ने पूछा न किसी और वरिष्ठ अधिकारी ने, सब गोलमाल चल रहा है। खाद्य विभाग ने भी इस बार छापामारी के नाम पर कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी, पिछले दस दिनों से मिलावट पकड़ने के नाम पर दर्जनों जगह छापामार कार्यवाही हो चुकी है और शुक्रवार की दोपहर नगर के प्रसिद्ध हलवाई ऋषि स्वीट्स पर छापामारी ने तो सारी हदें पार कर दी, जिसकी चर्चा शनिवार को मिठाई विक्रेताओं सहित पूरे उद्योग जगत में होती दिखाई दी और हर एक जुबां से एक ही बात निकलती दिखाई दी कि वास्तव में इस जनपद से अपने व्यापार खत्म करने ही होंगे। नेताओं और विभिन्न विभागों की निगाहें सिर्फ व्यापारियों पर ही रहने लगी हैं, बड़ी बात यह है कि पन्द्रह रुपये का समोसा बेचने वाले से लेकर उद्योगपति तक इस शहर में व्यापार करने से कतरा रहा है। उद्योगपति भी अब अपने कारोबार नोएडा, उत्तराखंड और दिल्ली आदि अन्य प्रदेशों में ले जा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि जब मामूली से पन्द्रह रुपये का समोसा बेचने वाले पर भी और हलवाईयों तक पर भी सिर्फ टैक्स वसूलने के नाम पर उनका उत्पीड़न किया जाता है तो उद्योगपतियों की गिनती तो क्या ही करना? और धीरे धीरे ऐसे दिन आ जायेंगे कि मुजफ्फरनगर से व्यापार, उद्योग धंधे तो खत्म हो जायेंगे, सिर्फ नेता और अधिकारी ही इस शहर में मौज लेंगे। इन्हीं सब बातों के साथ व्यापारी दिवाली की तैयारी करने से पूरी तरह कतरा चुका है, जिसके पास जितना माल है, दिवाली तक उसे ही समेटने में अपनी भलाई समा रहा है, व्यापारियों का मानना है कि यदि चार समोसे और चार चाय भी किसी आने वाले मेहमान को खिला पिला दी गई तो शायद जीएसटी विभाग उनके भी पत्तल गिनने शुरू कर देगा और शायद उसका जवाब देना दुकानदार के लिए मुश्किल हो जायेगा कि कौन अतिथि उनके यहां आये थे और कितने रुपये की चाय, पानी नाश्ता उन्हें कराया गया है। कुल मिलाकर जनपद का माहौल किसी भी प्रकार से सुधरता हुआ दिखाई नहीं पड़ रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यापारी, उद्योगपति और आम आदमी मानसिक रूप से अपने आपको उत्पीड़ित महसूस करते हुए इस शहर से पलायन की प्लानिंग बनाता दिख रहा है।

## बाजारों में ग्राहक न आये, ट्रेफिक विभाग चालान काटकर पूरा सहयोग कर रहा है

**मुजफ्फरनगर।** दीपावली से पूर्व ही नेताओं और अधिकारियों से यह अनुरोध किया गया था कि त्यौहारों की शर्म करते हुए प्रत्येक चौराहों पर झपट्टा मारकर चालान काटने के कार्य में यदि कोई कमी करा दी जाये, तो बड़ी मेहरबानी होगी। मगर इस जिले में अनुरोध से काम चलते ही कहां हैं, यहां तो जब तक शोर मचा मचा कर सड़कों पर न उतरा जाये तब तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता, फिलहाल ट्रेफिक विभाग ने प्रत्येक चौराहे पर अपना त्यौहार मनाने के लिए पूरी अन्तगी उतार रखी है, न शहरी आदमी बचा और न ग्रामीण क्षेत्र का व्यक्ति और ग्रामीण क्षेत्र से व्यक्ति पहले ही इस शहर में आने से कतराने लगा है, क्योंकि शहर में एंट्री करते ही उसे टोल टैक्स के रूप में पट्टामार ट्रेफिक विभाग के चेहरे देखने पड़ते हैं, जैसे ही उसका चालान कटता है, वहीं उसका मूड खराब हो जाता है और शहरी बाजार में खरीदारी का उसका मूड ही नहीं बनता है। ऐसे में बाजारों में ग्रामीण क्षेत्र का ग्राहक न पहुंचे इसमें ट्रेफिक विभाग अपना सम्पूर्ण योगदान दे रहा है।

## जीएसटी अफसरों ने ऋषि स्वीट्स की मनाई तीन लाख की दिवाली

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** दिवाली के सीजन के बीच वाणिज्य कर विभाग की एसआईबी विंग की टीम ने प्रकाश चौक स्थित ऋषि स्वीट्स पर 12 घंटे से अधिक जांच के बाद मिली गड़बड़ी के बाद तीन लाख रुपये की जीएसटी वसूल की है। वाणिज्य कर विभाग की एसआईबी विंग के ज्वाइंट कमिश्नर जेएस शुक्ला के निर्देश पर डिप्टी कमिश्नर विवेक मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने कल शाम चार बजे उक्त फर्म पर छापे की कार्रवाई शुरू की थी। यह कार्रवाई आज सुबह चार बजे तक चली। टीम ने मिठाई की दुकान और इसकी ऊपरी मंजिल पर चल रहे रेस्टोरेंट के कागजात की जांच की। वाणिज्य कर विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर ने बताया कि उक्त फर्म पर करीब 18 लाख रुपये से अधिक का स्टॉक मिला। टीम ने प्रपत्रों की जांच के बाद ऋषि स्वीट्स पर तीन लाख रुपये की जीएसटी पकड़ने का दावा करते हुए उक्त पैसा जमा करा लिया। दिवाली पर्व के सीजन के दौरान इस छापे की कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

## सपा के 40 स्टार प्रचारकों में जेल में बंद आजम खां का नाम शामिल



**लखनऊ, 26 अक्टूबर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी ने यूपी में नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में सीतापुर जेल में बंद वरिष्ठ नेता आजम खां का नाम भी शामिल है। सूची में पहले स्थान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम अंकित है। सूची में 40 नेताओं को शामिल किया गया है। जेल में बंद आजम खां का नाम भी इस सूची में शामिल किया गया है। सूची में सांसद हरेंद्र मलिकऔर एमएलसी किरनपाल कश्यप भी शामिल हैं।

## दूसरे समुदाय के सहपाठियों ने छात्रा का अश्लील फोटो बनाकर वायरल किया

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** दूसरे समुदाय के सहपाठियों ने ही एक छात्रा का अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण तनाव है। पुलिस ने दोनों नाबालिग छात्रों को हिरासत में ले लिया है। छात्रा और पकड़े गए दोनों छात्र दसवीं कक्षा के छात्र हैं। छात्रा के परिजनों का आरोप है कि उक्त छात्र कई दिनों से उसके साथ अश्लील हरकतें कर रहे थे। इसकी शिकायत छात्रों के परिजनों से की गई तो उन्होंने छात्रों को समाने के बजाय उनके साथ मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

सोशल मीडिया की दुनिया में बच्चे क्या पढ़ाई कर रहे हैं, इसका एक नजारा आज सामने आया। पुलिस ने अनुसार थाना भोपा को एक छात्रा के पिता द्वारा लिखित तहरीर देकर अवगत कराया गया कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री जटमुझेड़ा, मुजफ्फरनगर के एक पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा है। उसी स्कूल में पढ़ने वाले शाहबाज पुत्र शफीक व अहमद दत्तक पुत्र लुफ्तुर्रहमान निवासीगण ग्राम बेलड़ा थाना भोपा, मुजफ्फरनगर भी पढते हैं। दोनों छात्रों के द्वारा कई दिनों से छात्रा के साथ अश्लील हरकतें की जा रही थी। इसका छात्रा ने विरोध किया। छात्रों के द्वारा छात्रा के फोटो की मार्फिंग कर अश्लील फोटो बनायी गयी तथा उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। छात्रा के परिजनों द्वारा इस बात का विरोध किया गया तो दोनों छात्रों के परिजनों द्वारा मारपीट करने व जान से मारने की धमकी दी गयी। थाना भोपा पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए प्राप्त तहरीर के आधार पर बीएनएस व पोक्सो एक्ट तथा 67बी आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। क्षेत्राधिकारी भोपा डॉ. रविशंकर ने बताया कि दोनों छात्रों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मामले को लेकर सांप्रदायिक तनाव है।

### छात्रों के परिजनों ने भी शिकायत करने पर की मारपीट










52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 298 रविवार, 27 अक्टूबर 2024 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये



## अब आरएसएस ने कहा बंटेंगे तो कटेंगे

**मथुरा, 26 अक्टूबर (एजेंसी)।** आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में बोलते हुए दत्तात्रेय होसबाले ने सामाजिक समरसता पर जोर दिया। साथ ही बताया कि लक्ष्य है कि आगामी विजयादशमी तक देश भर के प्रत्येक गांव में संघ की शाखाएं लगें। फरह के परखम में शनिवार को दत्तात्रेय होसबाले ने सामाजिक समरसता पर जोर दिया और कहा कि असंगठित समाज कुचक्रों को बढ़ावा देता है। इसके अलावा उन्होंने पांच परिवर्तन जैसे मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने सीएम योगी के हिंदू बंटेंगे तो कटेंगे बयान का समर्थन किया है। परखम के दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में प्रेस वार्ता में कहा कि हिंदू समाज एकता में नहीं रहेगा तो असामाजिक तत्वों में बंटेंगे तो कटेंगे। इसलिए एकता जरूरी है। हिंदू समाज की एकता लोक कल्याण के लिए है। वह सबको सुख प्रदान करेगी। हिंदुओं को तोड़ने के लिए शक्तियां काम कर रही हैं। परखम के दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में संघ का 10 दिवसीय शिविर चल रहा है। संघ प्रमुख समेत देशभर के पदाधिकारी यहां आए हैं। शनिवार को दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि आगामी विजयदशमी तक देश भर के प्रत्येक गांव में संघ की शाखाएं लगेंगी। साथ ही ज्यादा से ज्यादा संघ से लोगों को जोड़ने का भी एजेंडा तैयार किया है।

## बेटे की करनी पर आहत किसान ने की आत्महत्या

# पेड़ पर लटका मिला फांसी लगा शव

### किसान की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला

**चरथावल, 26 अक्टूबर (बु.)।** थानाक्षेत्र के अकबरगढ़ में अधेड़ किसान ने बेटे पर गांव की लड़की को ले जाने का आरोप लगने से आहत होकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार किसान का शव एक ट्यूबवेल के पास स्थित नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता मिला। पुलिस को किसान की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने बेटे को ढूंढ पाने में नाकाम रहने पर इस तरह का कदम उठाने की बात कही है। थाना चरथावल क्षेत्र के ग्राम अकबरगढ़ निवासी अरविंद उर्फ कल्लू पुत्र श्याम लाल अपने ही गांव की एक लड़की को ले गया था। पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज की थी। युवती के परिजनों ने मामले में अरविंद और दीपक पुत्रगण श्यामलाल और अमित पुत्र सुरेश को आरोपी बनाया था। पिछले 12 दिन से पुलिस गुमशुदा को तलाश कर रही थी। आरोपी अरविंद भी फरार चल रहा था, जबकि भाई दीपक एवं रिश्तेदार अमित पुलिस के डर से इधर-उधर भटक रहे थे। शनिवार को अरविंद के पिता श्यामलाल पुत्र विशंभर ने गांव अकबरगढ़ के पास पेड़ से लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि 55 वर्षीय श्यामलाल गांव सिकन्दरपुर की ट्यूबवेल पर कविंद्र कुमार के जंगल में नीम के पेड़ पर रस्सी से लटककर आत्महत्या की। उसकी जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस ने श्यामलाल का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।



# विवादों के बाद 31 को ही मनेगी दिवाली

### अर्चक पुरोहित संघ ने 31 तो कर्मकांडी ब्राह्मण महासंघ ने एक नवंबर को बताई दिवाली



**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** दिवाली कब मनाई जाए इसे लेकर हालांकि कुछ पंडितों में मतभेद है, लेकिन तमाम प्रमुख तीर्थों पर दीपावली 31 अक्टूबर को ही मनाई जा रही है। कुछ पंडितों का कहना है कि दिवाली एक नवंबर को मनानी चाहिए।

अर्चक पुरोहित संघ के अनुसार 31 अक्टूबर 2024 गुरूवार को प्रदोष काल में मध्य रात्री व्यापिनी का कार्तिक अमावस्या का लक्ष्मी पूजन करना शास्त्र सम्मत रहेगा। अमावस्या 31 को संध्या 15:52 से प्रारम्भ होकर 1 अक्टूबर को 18:16 बजे तक है। वृष लग्न और सिंह लग्न में पूजन का महत्व है। यंत्र पूजन तो रात्री सिंह लग्न में ही विशेष होते है। 31 अक्टूबर को वृष लग्न 18:26 से प्रातः 20:23 तक है। सिंह लग्न 00:55 से प्रातः 03:13 तक है। 1 नवम्बर को उक्त दोनों लग्न उपस्थित नहीं है। 31 अक्टूबर में दोनों लग्न और दीपोत्सव निशा काल में ही होता है। दिवाली होई एक ही दिन मनाई जाती है। अगले दिन तिथी में प्रतिपदा होने से रसस्वला दोष लगता है अतः निषेध है। लक्ष्मी पूजन अमावस्या में श्रेष्ठ है। प्रतिपदा में पूजा से धन धान्य की हानि होती है। धर्म नगरी वाराणसी, उज्जैन, मथुरा वृन्दावन, प्रयागराज आदि में 31 अक्टूबर को ही दिवाली मनाने की घोषणा की गई है। अतः अर्चक पुरोहित संघ ने 31 अक्टूबर गुरूवार को ही दीपावली मनाने का निवेदन किया है। शिवा शिव मन्दिर केशवपुरी में हुई बैठक में अर्चक पुरोहित संघ के अध्यक्ष पं. ब्रजबिहारी अत्री, पं. मोहन, पं. पिता जी, पं. अरविन्द पाण्डे, पं. शिवेश, पं. रोजश, पं. करूणा शंकर, पं. कमल नारायण, पं. वेदी शरण, पं. नन्दू, पं. सन्यासी, पं. हरीश भारद्वाज, पं. रामानुज दूबे, पं. लक्ष्मण महाभाई, पं. धमेन्द्र, पं. केशवानन्द और पं. धनश्याम मिश्रा उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर मनाएगा दिवाली 1 को

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** संयुक्त कर्मकांडी ब्राह्मण महासंघ ने एक नवंबर को दिवाली मनाने का अनुरोध किया है। महासंघ का दावा है कि पंचागों का निरीक्षण करने के बाद प्रमाणिकता के आधार पर एक नवंबर को दिवाली मनाने का अनुरोध किया गया है। हनुमान मंदिर हनुमान चौक पर आचार्य पंडित ध्यान चंद कुश की अध्यक्षता और पंडित अमित तिवारी के संचालन में हुई बैठक में पं. सच्चिदानंद सेमवाल, पं.राजेंद्र सेमवाल, पं.जगदंबा डिमरी, पं.भास्करानंद बडथ्वाल, पं.सुनील गौतम, पं.अरूण गौतम, पं.पंकज गुप्ता, पं.राजीव पाराशर, पंडित सुनील अंगीरा आदि उपस्थित थे।

# छापेमारी के दौर में श्रम विभाग भी नहीं रहा पीछे, कई नाबालिग पकड़े

- बाल श्रम के प्रति जागरूकता को सड़क पर उतरा श्रम विभाग
- चेतावनीः नाबालिग बच्चों के पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच शनिवार को श्रम विभाग की टीम ने अन्य विभागीय व सामाजिक संस्थाओं संग मिलकर नगर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस बीच मुख्य व्यापारियों और दुकानदारों को बाल श्रम न कराने के लिए प्रेरित करते हुए सख्त संदेश दिया कि बाल श्रम कराना आपराधिक कृत्य है, ऐसे में किसी प्रतिष्ठान पर बाल श्रम का मामला पकड़ा, तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।

त्यौहारी सीजन के बीच जब जिले में जीएसटी विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के साथ ही आतिशबाजी की धरपकड़ को इससे जुड़े तमाम विभाग सड़कों पर उतर गए हैं। वहीं दूसरी ओर मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव के आदेश पर सहायक श्रमायुक्त देवेश सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को बाल श्रम विरोधी जनजागरण नगर में चलाया गया। अभियान के तहत सहायक श्रमायुक्त के साथ शनिवार को जिला प्रोबेशन विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति, थाना एएचटी और एक्सेस टू जस्टिस, संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र की संयुक्त टीम शामिल रही। इन टीमों में शामिल अधिकारी-कर्मियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नगर के शिवचौक, रोडवेज बस स्टैंड, भगत सिंह रोड, आर्य समाज रोड आदि क्षेत्र में टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत टीम ने स्वदेशी बूट हाउस, भगत सिंह रोड, बाटला ब्रदर्स, धार्मिक पुस्तक झांसी रानी, छोले भटूरे व रेड्डी वाले आदि प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों को बाल श्रम न कराने के लिए हिदायत दी गई। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी बालेश्वर सिंह एवं शालू राणा ने कुछ बच्चों को चिन्हित करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया। सेवायोजकों को हिदायत दी गई। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रीना पवार एवं प्रोबेशन विभाग बाल संरक्षण अधिकारी नीना त्यागी ने बताया कि ऐसे ही अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाते रहेंगे, जिससे बच्चे शिक्षा की ओर आकर्षित रहें। अभियान में चाइल्ड हेल्पलाइन से राखी देवी, सामाजिक कार्यकर्ता पूजा रानी, थाना एएचटी से प्रभारी सर्वेश कुमार एवं टीम वी ग्रामीण समाज विकास केंद्र मुजफ्फरनगर से गौरव मलिक आदि ने लोगों को जागरूक किया।

**इन्होंने बताया-**

सहायक श्रमायुक्त देवेश सिंह ने बताया कि बाल श्रम निषेध अधिनियम 1986 संशोधन 2016 के तहत सेवायोजकों पर जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से बाल श्रम नहीं कराएगा यदि ऐसा कृत्य करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### नाबालिग दलित छात्रा को बदनीयत से घर में खींचने का प्रयास

**खतौली, 26 अक्टूबर (बु.)।** नाबालिग दलित छात्रा को बदनीयत से हाथ पकड़कर खींचने के दौरान बहन का रक्षक बनकर आये भाई व छात्रा को दूसरे वर्ग के युवक और उसके परिजनों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित छात्रा के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार गांव नंगला रुद्र में बारह वर्षीय दलित छात्रा के साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ करते हुए गांव के ही दूसरे समाज के युवक ने छात्रा का हाथ पकड़कर उसे अपने घर में खींचने का प्रयास किया। छात्रा द्वारा शोर मचाये जाने पर जैसे ही छात्रा का भाई अपनी बहन को बचाने के लिए युवक से भिड़ने लगा तो आरोप है कि छात्रा के भाई के साथ भी मारपीट कर उसे घायल कर दिया गया। मारपीट का शोर शराबा सुनकर छात्र व छात्रा के परिजनों सहित दलित समाज के लोग मौके पर इकट्ठा हो गये। जहां मौके पर दोनों पक्षों के बीच जमकर गाली गलौच व कहासुनी हुई। वादात के पश्चात पीड़ित छात्रा व छात्र के परिजन तत्काल कोतवाली पहुंचे तथा तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई गई। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराते हुए परिजनों की तहरीर पर आगामी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। घटना को लेकर दलित समाज के लोगों में आक्रोश बना हुआ है।

## 110 किलो घटिया पनीर नष्ट कराया, सात नमूने लिए

### खतौली में चला खाद्य विभाग का चैकिंग अभियान

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** खतौली में खाद्य विभाग द्वारा चलाए गए छापा अभियान में आज 110 किलो मिलावटी पनीर को नष्ट करवा दिया गया। इसके अलावा सात नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। एसडीएम मोनालिसा जौहरी की मौजूदगी में आज फिर जबरदस्त अभियान चलाया गया। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम ने खतौली तहसील मे भगत जी स्वीट हाउस खतौली से कलाकंद तथा गुलाबी रसगुल्ला का एक-एक नमूना, गुलबर्गा स्वीट्स खतौली से सफेद रसगुल्ला का एक नमूना तथा जाहिर स्वीट्स खतौली से बालूशाही का एक नमूना, आदमपुर मौचडी गांव से श्री बालाजी डेयरी से एक नमूना खोया, एक नमूना दूध का, मौचडी गांव से ही बादल डेयरी से पनीर का एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। इस दौरान लगभग 110 किलोग्राम पनीर को मिलावट के संदेह पर नष्ट करा दिया गया। इसका मूल्य लगभग 28000 रुपए है। आज चलाए गए अभियान में खाद्य विश्लेषक द्वारा कुल सात नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए जिन्हें जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला वाराणसी को प्रेषित किया जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानव अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।





### भाजपा का प्रियंका गांधी पर चुनावी शपथपत्र में अपनी और पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति छिपाने का आरोप

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसी)।** भाजपा ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका गांधी वाड्रा पर बड़ा आरोप लगाया है। भाजपा ने कहा कि प्रियंका गांधी ने अपने चुनावी शपथपत्र में अपनी और अपने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का पूरा खुलासा नहीं किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि प्रियंका गांधी ने अपनी और अपने पति की संपत्ति को छिपाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश सभी के लिए जरूरी है। गांधी परिवार कानून से ऊपर नहीं है। अगर कोई हलफनामे में गलत जानकारी देता है, तो उसे चुनाव लड़ने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कक प्रियंका गांधी के हलफनामे में कुछ ट्रस्टों के माध्यम से एसोसिएटेड जर्नल्स में शेयरों के उनके स्वामित्व का कोई जिक्र नहीं है। यह जानकारी का खुलासा न करने के समान है। गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि हलफनामे में रॉबर्ट वाड्रा की तीन कंपनियों का जिक्र किया गया है। दो अन्य कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने दस्तावेजों के आधार पर यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कानून का पालन करना होगा। इसे लेकर भाजपा आवश्यक कदम उठाएगी।

### राकेश टिकैत बोले, बिश्नोई समाज से माफी मांग लें सलमान

**शामली, 26 अक्टूबर (बु.)।** भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के बयान के बाद शुक्रवार को उनके भाई राकेश टिकैत ने भी सलमान खान को बिश्नोई, हिंदू समाज और देश से माफी मांगने की बात कही। शामली में प्रेस वार्ता के दौरान भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि बिश्नोई समाज काले हिरण से बहुत प्यार करता है। सलमान खान को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। इसके बाद ही उन्हें देश माफ करेगा। वहीं, केंद्र सरकार को कहा कि यह व्यापारियों का गैंग है, वह ऐसे फैसले ले रहे हैं, जिससे बड़े व्यापारियों को लाभ हो।

### कोतवाल की कुर्सी पर बैठकर दरोगा ने फोटो खिंचवाकर कर दी वायरल

**मेरठ, 26 अक्टूबर (एजेंसी)।** देहली गेट थाने में तैनात एक प्रशिक्षु दारोगा को कोतवाल बनने की तलब लगी तो दरोगा जी ने थानेदार की कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचवाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब यह भी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो अधिकारी इसे अनुशासनहीनता बताते हुए कार्यवाही की बात कह रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रशिक्षु दारोगा गोपाल गौतम की आईडी से एक फोटो वायरल हुआ है। देहली गेट थाने में तैनात प्रशिक्षु दारोगा गोपाल गौतम इस फोटो में कोतवाल की कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं।

## सुबह शाम ठंड और दिन में गर्मा रहा है मौसम

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** मौसम में शाम से सुबह तक हल्की ठंड के बावजूद दिन अभी गर्मा रहा है। इसके चलते आज अधिकतम तापमान गिरकर 31.4 और न्यूनतम 19.0 डिग्री पर दर्ज किया गया। ऐसे में आज सुबह के समय आसमान पर हल्की धुंध भी नजर आई। नगर में मौसम का मिजाज अजीब बना हुआ है। इसके चलते रात जहां खासी ठंडी होने लगी हैं, वहीं दिन में गर्माता सूरज मौसम को गर्माहट दे रहा है। अभी भी धूप खासी तीखी है। मौसम विभाग के अनुसार एक भीषण चक्रवाती तूफान आज सुबह ओडिशा तट को पार कर गया है। हालांकि यह कमजोर हो रहा है। स्काइमेट के अनुसार 27-28 अक्टूबर तक हवाओं में गर्मी बनी रह सकती है। इसके बाद एक पश्चिमी विक्षोभ 28 से 30 अक्टूबर के बीच उत्तरी पहाड़ों की ऊंची चोटियों पर पहुंचेगा। यह पश्चिमी विक्षोभ दिल्ली-एनसीआर समेत मैदानी इलाकों में तापमान बढ़ने से रोकेगा। इस प्रणाली के कारण इन भागों में मध्यम तेज उत्तर-पश्चिमी हवाएँ चल सकती हैं। लेकिन, फिर भी तापमान में बहुत अधिक गिरावट होने की संभावना नहीं है। क्योंकि पहाड़ी इलाकों में अधिक बारिश या बर्फबारी नहीं होगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का तापमान तभी गिरता है जब उत्तरी पहाड़ियों से ठंडी हवाएं मैदानों में आती हैं। 30 से 31 अक्टूबर के बीच तापमान में हल्की गिरावट की संभावना है, लेकिन इससे ठंड का असर अधिक महसूस नहीं होगा। ठंड का असली अनुभव नवंबर में दीवाली के बाद ही दिल्ली में देखने को मिल सकता है।

### पथराव और लाठीचार्ज की घटना के बाद आज तीसरे दिन खुला बाजार

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में पथराव और लाठीचार्ज की घटना के बाद आज शनिवार को तीसरे दिन बाजार खुले। वहीं काली कमली धर्मशाला में बैठक और प्रेस वार्ता बुलाने वाले एक समुदाय के धार्मिक संगठन के तीन पदाधिकारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। धारा 163 के उल्लंघन का मामले में गिरफ्तार होने वालों में जितेंद्र सिंह, सोनू नेगी और सूरज डबराल शामिल थे। उक्त तीनों पर पुलिस ने बवाल करने के मामले में भी पहले से मुकदमा दर्ज किया हुआ है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई के अध्यक्ष सुभाष बडोनी ने गंगा यमुना घाटी के व्यापारियों की एकजुटता के लिए उनकी सरहाना की है। इसके साथ ही दिवाली के त्योहार को देखते हुए आज से दिवाली तक सभी इकाईयों में साप्ताहिक बंदी पर भी अपने प्रतिष्ठान खुला रखने को कहा।

### बारह साल बाद घर में टेस्ट सिरीज हारा भारत

**पुणे, 26 अक्टूबर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने पुणे टेस्ट जीतने के साथ ही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। बंगलूरू में खेला गया पहला मुकाबला कीवी टीम ने आठ विकेट से अपने नाम किया था। भारतीय टीम से वापसी की काफी उम्मीदें थीं, लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ऐसा करने में नाकाम रही। टीम इंडिया अपने ही बुने जाल में फंस गई। पहले मैच में जहां टीम इंडिया कीवी तेज गेंदबाजों के आगे धराशाई हुई, तो दूसरे टेस्ट में स्पिनर्स ने भारतीय बल्लेबाजों की बोलती बंद कर दी। पुणे में जीत के लिए मिले 359 रन के लक्ष्य के जवाब में टीम इंडिया अपनी दूसरी पारी में 245 रन पर सिमट गई और साथ ही सीरीज भी गंवा दी। भारतीय टीम अपने घर में 12 साल बाद कोई टेस्ट सीरीज हारी है। इसी के साथ घरेलू जमीन पर लगातार 17 टेस्ट सीरीज जीतने के बाद जीत का यह सिलसिला टूट गया। पिछली बार टीम इंडिया को 2012-13 में इंग्लैंड ने चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से हराया था। उसके बाद भारत ने लगातार 18 सीरीज जीतीं। हालांकि, न्यूजीलैंड ने अब टीम इंडिया को हराकर यह सिलसिला तोड़ दिया। किसी ने नहीं सोचा था कि कीवी टीम भारतीय सरजमीं पर इतना प्रभावशाली प्रदर्शन करेगी। पहला टेस्ट जीतने के साथ ही न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारत में कोई टेस्ट मैच जीता था।

## अगले छह दिन दिल्ली की हवा रहेगी बेहद खराब

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसी)।** राजधानी में रविवार से अगले छह दिन तक लोगों को बेहद खराब हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ेगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार रह सकता है। ऐसे में लोगों को वायु प्रदूषण और परेशान करेगा। उधर, शनिवार को हवा की दिशा व गति बदलने से वायु प्रदूषण के स्तर में कमी दर्ज की गई। हालांकि, लोगों ने खराब हवा में सांस ली। दिल्ली का एक्यूआई 255 दर्ज किया गया। यह शुक्रवार की तुलना में 15 सूचकांक कम है। आनंद विहार, रोहिणी, द्वारका, मुंडका और बवाना सहित 11 इलाकों में एक्यूआई 300 के पार रहा। यह बेहद खराब श्रेणी में हवा है, जबकि डीटीयू, अशोक विहार, आईटीओ समेत 20 इलाकों में हवा खराब श्रेणी में रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, शनिवार को हवा पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा से चली। इस दौरान हवा की गति 8 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। रविवार को हवा पूर्व से उत्तर-पश्चिम से पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति छह से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी। वेंटिलेशन इंडेक्स 5600 घनमीटर प्रति सेकेंड रही। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 1500 घनमीटर प्रति सेकेंड रहने का अनुमान है। डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक, शनिवार को हवा में ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 14.808 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.468 फीसदी रही, जबकि शुक्रवार को पराली के धुएं की हिस्सेदारी 14.603 फीसदी रही।

### इंडिगो एयरलाइन एक बार फिर घाटे में

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने शुक्रवार को सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए। दो साल बाद आमदनी बढ़ने के बावजूद एयरलाइन एक बार फिर घाटे में है। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे 986.7 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। कपनी के अनुसार विमानों के खड़े होने और ईंधन की ऊंची लागत से उसके मुनाफे पर असर पड़ा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में इंडिगो का मुनाफा 2,728 करोड़ रुपये था। वहीं, एक साल पहले सितंबर 2023 में समाप्त तिमाही के दौरान एयरलाइन का मुनाफा 188.9 करोड़ रुपये था। इंडिगो के अनुसार दूसरी तिमाही में ईंधन पर खर्च 12.8 प्रतिशत बढ़कर 6,605.2 करोड़ रुपये हो गया, एक साल पहले इसी अवधि में यह खर्च 5,856 करोड़ रुपये था। दूसरी तिमाही में विमान और इंजन का किराया भी बढ़कर 763.6 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में महज 195.6 करोड़ रुपये था। इसके अलावे कंपनी ने सितंबर तिमाही में करीब 79.6 करोड़ रुपये का टैक्स चुकाया, जबकि एक साल पहले कंपनी ने टैक्स मद में महज 20 लाख रुपये चुकाए थे। सितंबर तिमाही में कंपनी का कुल व्यय लगभग 22 प्रतिशत बढ़कर 18,666.1 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का घाटा बढ़ाने में इस आंकड़े का सबसे अधिक योगदान रहा।

### जेईई की परीक्षा पास नहीं कर पाई छात्रा सातवीं मंजिल से कूदी

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसी)।** दक्षिण पूर्व दिल्ली इलाके के जामिया नगर में जेईई की परीक्षा पास नहीं कर पाने पर 17 वर्षीय छात्रा ने सातवीं मंजिल से कूद कर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। इसमें छात्रा ने पढ़ाई के दबाव और उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने की बात लिखी है। जिसे पढ़ने के बाद हर किसी की आंखें नम हैं। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस को शुक्रवार सुबह करीब 11:25 बजे ओखला मेन बाजार में में एक इमारत की छत से एक लड़की की कूदने के बारे में पीसीआर कॉल मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम लड़की को अस्पताल लेकर गई। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एक बार फिर 30 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसी)।** देशभर में विमानों में बम होने की धमकियां मिलने का सिलसिला जारी है। शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं। सुरक्षा प्रोटोकॉल के मुताबिक विमानों की जांच की गई। बताया जाता है कि 13 दिन में सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये 300 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि सभी धमकियां फर्जी पाई गई हैं। शनिवार को इंडिगो, एयर इंडिया और विस्तारा की 11-11 उड़ानों को धमकियां मिलीं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि हमारी कई उड़ानों को शनिवार को सोशल मीडिया के जरिये धमकियां मिलीं। निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संबंधित अधिकारियों को सतर्क किया गया। साथ ही सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया गया। विमानों और घरेलू बाजार में हिस्सेदारी के मामले में देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो एक बार फिर घाटे में है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 24-25 की दूसरी तिमाही के परिणामों में इसकी जानकारी दी है।

# हद! पालिका के पथ प्रकाश विभाग में नहीं विद्युत पोल रिकॉर्ड

- 55 वार्डों में खंभों पर लगी एलईडी लाइट के जवाब में खो गया विभाग
- दावाः 22 हजार विद्युत पोल के आंकड़े पर हो रहा काम

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।**



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929


सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

पालिका का पथ प्रकाश विभाग सभासद की शिकायत के बाद सुर्खियों में है। अब विभाग की आंकड़ों की बाजीगरी में नया खुलासा हुआ है। पूर्व में खरीदी 4 हजार एलईडी लाइट वितरण व अधिष्ठापन को लेकर ईओ की ओर से बैठाई जांच में नए सवाल सामने आए हैं, इसमें पथ प्रकाश विभाग के पास में कोई आंकड़ा ही नहीं है, जिसमें कोई यह बता पायें कि शहरी क्षेत्र में पथ प्रकाश के लिए कितने खंभे लगे हुए हैं। इसके बावजूद भी विभाग लाइटों के वितरण में जुटा हुआ है। ईओ ने प्रभारी अधिकारी पथ प्रकाश से मामले में जवाब मांगा है।

पालिका क्षेत्र में पथ प्रकाश के लिए शहर में विद्युत विभाग के पोल लगे हैं, इनमें मुख्य मार्गों पर कुछ स्थानों पर पालिका द्वारा पोल्स लगाए गए हैं। रात्रि में मुख्य मार्ग व वार्ड की गलियों में रोशनी को पालिका पथ प्रकाश विभाग कार्यरत है। सीमा विस्तार के बाद पालिका में 11 गांव का क्षेत्र के साथ अब वार्डों की संख्या 55 हो गई है, जिसमें पथ प्रकाश विभाग एलईडी लाइटों की खरीद करते हुए इनका वितरण कर रहा है, लेकिन आज तक पालिका में क्षेत्र में विद्युत पोल्स का कोई सटीक आंकड़ा ही नहीं है। पूर्व के बोर्ड में 15,927 विद्युत पोल्स होने के आंकड़े के साथ विभाग काम कर रहा है। मौजूदा बोर्ड में सीमा विस्तार बाद पथ प्रकाश विभाग ने अपने आइडिया से यह आंकड़ा 22 हजार विद्युत पोल कर लिया, जिसमें अधिकारिक संख्या बल कुछ नहीं जुटाया गया है, जबकि पूर्व में एक बार विद्युत पोल सर्वे कराया गया था। इसके बाद भी पालिका के पथ प्रकाश विभाग में कोई आंकड़ा सुरक्षित नहीं किया गया। भाजपा सभासद देवेश कौशिक की शिकायत पर शुरू जांच में यह बात सामने आने पर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने नाराजगी जताते हुए प्रभारी अवर अभियंता जलकल धर्मवीर सिंह को पत्र के माध्यम से शहरी क्षेत्र में विद्युत पोल संख्या की जानकारी मांगी है, लेकिन अभी तक उन्हें जवाब नहीं दिया है। पथ प्रकाश प्रभारी जेई धर्मवीर का कहना है कि अब तक में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार करीब 22 हजार विद्युत पोल हैं, जिन्हें लेकर विभाग काम करता है। उन्होंने कहा कि ईओ द्वारा मांगी जानकारी पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जल्द उनको आंकड़ा दिया जायेगा।

**इन्होंने कहा...**



**पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह** का कहना है कि पथ प्रकाश विभाग के पास अभी पालिका शहरी क्षेत्र के विद्युत पोल का संख्यात्मक कोई आंकड़ा नहीं है। आइडिया पर काम किया जा रहा है। ऐसे में यह भी नहीं पता चल पायेगा कि कहां किस पोल पर कब और कितनी बार एलईडी लाइट लगी है। उन्होंने विभाग से रिपोर्ट मांगी है ताकि क्षेत्र के विद्युत पोल का आंकड़ा सामने आ सके। उन्होंने कहा कि ऐसा न होने से विभाग के कर्मियों को क्षेत्र के विद्युत पोल का सर्वे कराते हुए नम्बरिंग कराने के साथ सटीक आंकड़ा बना कर काम किया जायेगा। इसमें ऐसे भी स्थान है, जहां पोल नहीं होने पर भी किसी के मकान की दीवार या अन्य स्थान पर भी विद्युत लाइट लगी है। इन स्थानों को चिन्हित किया जायेगा। शहरी क्षेत्र के तमाम प्रकाश बिन्दुओं को एक नम्बर देकर सूचीबद्ध करने का काम जल्द शुरू कराया जायेगा ताकि भविष्य में भी उसी नम्बर से उनकी पहचान होकर रिकार्ड सुरक्षित किया जा सके।

### भाजपा केजरीवाल की जान लेने पर आमादा : आप

**नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर (वार्ता)** आम आदमी पार्टी(आप) के सांसद संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी रोहित सहरावत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष है और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ सोशल मीडिया पर उसकी फोटो मौजूद है।

'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद ने आज यहां संवाददाताओं से कहा,'' भाजपा द्वेष और हिंसा की राजनीति में इस कदर आगे बढ़ चुकी है कि अब वह श्री केजरीवाल की जान लेने पर अमादा है। भाजपा श्री केजरीवाल की जान की दुश्मन बन गई है। आम आदमी पार्टी और श्री केजरीवाल की राजनीति को खत्म करने का यह कोई पहला प्रयास नहीं है। भाजपा ने श्री केजरीवाल को नुकसान पहुंचाने के लिए हर हथकंडे अपनाएं हैं। ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया। उनके ऊपर फर्जी मुकदमे लिखे गए। जेल में डाला गया। वहां भी उनकी इंसुलिन बंद कर दी गई। उनकी शुगर कई बार 50 से कम हो गई थी। जेल में भी उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई।'' श्री सिंह ने कहा कि शुक्रवार को विकासपुरी में जो कुछ भी हुआ और जिस तरह से पुलिस की मिलीभगत सामने आ रही है, यह साफ तौर पर श्री केजरीवाल को जान से मारने का गहरा षड्यंत्र था। भाजपा के लोग उनकी जान के दुश्मन बन चुके हैं। उन्होंने हमलावरों की तस्वीर दिखाते हुए कहा,'' इसमें रोहित सहरावत का नाम का एक व्यक्ति मुख्य आरोपी है, जो भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश का उपाध्यक्ष है। रोहित सहरावत की गृह मंत्री अमित शाह के साथ तस्वीर है। अरविंद केजरीवाल पर हमले में शामिल दूसरा व्यक्ति अरुण ध्राल है, जो भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश का महामंत्री है। ये लोग खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि ये गुंडई सिर्फ विकासपुरी में नहीं बल्कि दिल्ली में केजरीवाल जहां भी जाएंगे, वहां ये लोग गुंडई करेंगे।'' 'आप' नेता ने कहा कि भाजपा ने श्री केजरीवाल पर हमला करने की सुनयोजित साजिश रची, इसमें श्री शाह की पुलिस भी शामिल है। भाजपा की इस घिनौनी हिसक राजनीति की जितनी निंदा की जाए, वह कम है।

